भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2567
16.12.2025 को उत्तर के लिए नियत

इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन

2567 **श्री राधाकृष्ण:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य और संघ राज्यक्षेत्र में स्थापित इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों की संख्या कितनी है;
(ख) फास्ट-चार्जिंग और स्लो-चार्जिंग श्रेणियों में वर्गीकृत किए गए उक्त स्टेशनों का ब्यौरा क्या है;
(ग) इन्हें स्थापित करने के लिए जिम्मेदार एजेंसियां (सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र या राज्य कार्यान्वयन एजेंसियां) कौन-सी हैं; और
(घ) एफएएमई-I, एफएएमई-II और केंद्र सरकार की किसी अन्य योजनाओं के अंतर्गत स्थापित चार्जिंग स्टेशनों की संख्या कितनी है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) और (ख): पिछले पांच वर्षों में पूरे भारत में हर राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में संस्थापित किए गए 29,151 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों (ईवीसीएस) का विवरण अनुलग्नक I में दिया गया है।

इनमें से 8,805 ईवी चार्जिंग स्टेशन फास्ट चार्जिंग स्टेशन हैं और 20,346 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्लो चार्जिंग स्टेशन हैं।

(ग): चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना एक बिना लाइसेंस वाली गतिविधि है और विद्युत मंत्रालय (एमओपी) के 17 सितंबर, 2024 के दिशानिर्देशों के अनुसार निजी कंपनियाँ इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन संस्थापित कर सकती हैं।

(घ): फ़ेम-I और फ़ेम-II के तहत संस्थापित चार्जिंग स्टेशनों की संख्या का विवरण इस प्रकार है:-

स्कीम	स्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या
फ़ेम-I	479
फ़ेम-II	9,097

ऊपर बताए गए कार्यों के अलावा, पीएम ई-ड्राइव स्कीम के तहत पूरे भारत में ईवी चार्जिंग अवसंरचना स्थापित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। ईवीपीसीएस लगाने के लिए प्रचालन दिशानिर्देश 26.09.2025 को जारी किए गए हैं।

****

अनुलग्नक I

पिछले 5 वर्षों के दौरान संस्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशनों की राज्य-वार और संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची

क्र.सं.	**राज्य**	**संस्थापित इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों की कुल संख्या**	**फास्ट चार्ज़र्स**	**स्लो चार्ज़र्स**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	4	1	3
2	आंध्र प्रदेश	791	424	367
3	अरुणाचल प्रदेश	45	4	41
4	असम	345	96	249
5	बिहार	518	172	346
6	चंडीगढ़	13	11	2
7	छत्तीसगढ़	347	124	223
8	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	14	11	3
9	दिल्ली	1,957	399	1558
10	गोवा	156	94	62
11	गुजरात	1,205	578	627
12	हरियाणा	919	384	535
13	हिमाचल प्रदेश	133	52	81
14	जम्मू और कश्मीर	180	61	119
15	झारखंड	353	129	224
16	कर्नाटक	6,096	751	5345
17	केरल	1,389	553	836
18	लद्दाख	1	0	1
19	लक्षद्वीप	1	0	1
20	मध्य प्रदेश	1,146	353	793
21	महाराष्ट्र	4,166	1205	2961
22	मणिपुर	58	9	49
23	मेघालय	62	21	41
24	मिजोरम	13	0	13
25	नगालैंड	37	6	31
26	ओडिशा	606	165	441
27	पुडुच्चेरी	46	28	18
28	पंजाब	698	225	473
29	राजस्थान	1,515	523	992
30	सिक्किम	12	3	9
31	तमिलनाडु	1,780	926	854
32	तेलंगाना	1,062	548	514
33	त्रिपुरा	55	4	51
34	उत्तर प्रदेश	2,316	540	1776
35	उत्तराखंड	221	84	137
36	पश्चिम बंगाल	891	321	570
	कुलयोग	**29,151**	**8805**	**20346**